उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक/Ref. No.: 1637/2022 दिनांक/Date : 02/02/2022

संवाद–197

विषयः–वि0सं0–40/UKSSSC/2021 द्वारा विज्ञापित पदकोड–088/524/40/2021 पदनाम–अवर अभियंता(प्रशिक्षु)(विद्युत) एवं पदकोड–089/524/40/2021 पदनाम–अवर अभियंता(प्रशिक्षु)(यांत्रिक) के पदों हेतु शैक्षिक अर्हता में संशोधन किये जाने के संबंध में :–

प्रिय अभ्यर्थियों,

आप अवगत है कि उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा विज्ञापन संख्या–40/UKSSSC/2021 दिनांक 10 दिसम्बर, 2021 द्वारा जल विद्युत निगम के अंतर्गत **पद कोड–088/524/40/2021 पदनाम–अवर अभियंता(प्रशिक्षु) (विद्युत) के 15 पदों** तथा **पद कोड–089/524/40/2021 पदनाम–अवर अभियंता(प्रशिक्षु) (यांत्रिक) के 10 पदों** पर सीधी भर्ती द्वारा चयन हेतु विज्ञापन जारी किया गया है।

सेवा नियमावली में प्राविधानित शैक्षिक अर्हता तथा संबंधित नियोक्ता विभाग द्वारा किये गये अनुरोध के क्रम में उक्त शाखाओं हेतु निर्धारित शैक्षिक अर्हता में आयोग कार्यालय के **पत्रांक संख्या–1617/अधियाचन/2022(विज्ञप्ति/शुद्धि–पत्र) दिनांक 01 फरवरी, 2022** द्वारा संशोधन किया गया है। जिसकी प्रति अभ्यर्थियों के उपयोगार्थ संलग्न कर प्रकाशित की जा रही है।

साथ ही अवगत कराना है कि संशोधित प्राविधान पदनाम–अवर अभियंता (प्रशिक्षु)(विद्युत),पद कोड–088/524/40/2021 एवं पदनाम–अवर अभियंता(प्रशिक्षु) (यांत्रिक), कोड–089/524/40/2021 के लिए किया जा रहा है। अवर अभियंता(विद्युत) के पदों पर तत्संबंधी अर्हता व अवर अभियंता(यांत्रिक) के पदों पर तत्संबंधी अर्हता लागू होगी। उक्त के अतिरिक्त विज्ञापन संख्या–40/UKSSSC/2021 दिनांक 10 दिसम्बर, 2021 के शेष प्रावधान यथावत् रहेंगे।

संलग्नक–यथोपरि।

आयोग की ओर से,

(संतोष बडोनी)
सचिव।

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

रायपुर–थानों रोड, निकट–महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज,
डाकघर–रायपुर, देहरादून–248008
दूरभाष / फैक्स–0135–2669658 ई–मेल–chayanayog@gmail.com

संख्याः 1617 / अधियाचन / 2022 दिनांक 01 ~~जनवरी~~ फरवरी, 2022

विज्ञप्ति / शुद्धि–पत्र

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा विज्ञापन संख्याः 40 / उ0अ0से0च0आ0 / 2021 दिनांक 10 दिसम्बर, 2021 द्वारा जल विद्युत निगम के अन्तर्गत (पद कोड– 088/524/40/2021) अवर अभियन्ता (प्रशिक्षु) (विद्युत) के 15 पदों तथा (पद कोड– 089/524/40/2021) अवर अभियन्ता (प्रशिक्षु) (यांत्रिक) के 10 पदों पर सीधी भर्ती द्वारा चयन हेतु विज्ञापन जारी किया गया है।

विज्ञापन में उक्त दोनों शाखाओं हेतु शैक्षिक अर्हता "भारत / राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त पोलिटैक्निक / संस्थान से अभियांत्रिकी की सम्बन्धित शाखा में इलैक्ट्रिकल / मैकेनिकल में तीन वर्षीय डिप्लोमा, सामान्य / अन्य श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए 55 प्रतिशत अंकों के साथ एवं उत्तराखण्ड राज्य अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए उपरोक्त अर्ह परीक्षा में केवल उत्तीर्ण होना आवश्यक है। विभागीय (उजविनी लिमिटेड में कार्यरत) सामान्य एवं अन्य श्रेणी के उम्मीदवारों को अर्ह परीक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए। अन्य कोई अभियांत्रिकी शाखा एवं उच्च शैक्षिक योग्यता अनुमन्य नहीं होगी" का प्राविधान किया गया है।

सेवा नियमावली में प्राविधानित अर्हता तथा महाप्रबन्धक(का0एवंऔ0सं0), यूजेवीएन लिमिटेड, उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा किये गये अनुरोध के क्रम में उक्त दोनों शाखाओं हेतु विज्ञापन में उल्लिखित शैक्षिक **"भारत / राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त पोलिटैक्निक / संस्थान से अभियांत्रिकी की सम्बन्धित शाखा में इलैक्ट्रिकल / मैकेनिकल में तीन वर्षीय डिप्लोमा, सामान्य / अन्य श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए 55 प्रतिशत अंकों के साथ एवं उत्तराखण्ड राज्य अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए उपरोक्त अर्ह परीक्षा में केवल उत्तीर्ण होना आवश्यक है। विभागीय (उजविनी लिमिटेड में कार्यरत) सामान्य एवं अन्य श्रेणी के उम्मीदवारों को अर्ह परीक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए। अन्य कोई अभियांत्रिकी शाखा एवं उच्च शैक्षिक योग्यता अनुमन्य नहीं होगी"** के स्थान पर **"The candidate must, besides having a thorough knowledge of Hindi in Devnagri Script, hold a three years diploma from a recognized polytechnic/institute in the relevant branch of Engineering. General and other category candidates should have obtained a minimum of 55% marks while SC/ST candidates should have minimum passing marks in the qualifying examination. Departmental candidates (employees of UJVNL) belonging to General and other category must have obtained a minimum of 50% marks in the qualifying examination"** होगी।

उक्त के अतिरिक्त विज्ञापन संख्याः 40 / उ0अ0से0च0आ0 / 2021 दिनांक 10 दिसम्बर, 2021के शेष प्राविधान यथावत् रहेंगे।

(संतोष बडोनी)
सचिव।